Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 16-12-2005

Participants : Wagmare Shri Suresh Ganapat

an>

Title : Need to include Teli caste in the third list as recommended by Goernemnt of Maharashtra besides condemning the derogatory remarks made by a newspaper against this case.

श्री सुरेश वाघमारे (वर्धा) : महोदय, तेली जाति को तीसरी सूची में अंतर्भूत करने के बारे में महाराट्र शासन ने एक सिफारिश केन्द्र सरकार को भेजी है, लेकिन अब तक केन्द्र सरकार ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि केन्द्र सरकार तेली जाति को तीसरी सूची में शामिल करे। उसी प्रकार केन्द्र शासन के आयकर विभाग ने इस जाति को अपमानित करने का प्रयास एक विज्ञापन के द्वारा किया है। इस दृटि से एक दैनिक अखबार में दिनांक 26-10-2005 को "जिंदगी राजा भोज की और आयकर गंगू तेली का" इस हैड के तहत विज्ञापन दिया गया। इस प्रकार से इस जाति को हीन लिखने का घिनौना प्रयास इस विभाग ने किया है। इस बात का विचार करते हुए, मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि ऐसी हरकतों पर ध्यान दिया जाए और जिन अधिकारियों ने ऐसा विज्ञापन देकर तेली जाति को नीचा दिखाने का जो घिनौना प्रयास किया गया है, उनके ऊपर उचित कार्रवाई की जाए।